तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हम सबके लिये सबसे बड़ा धन है : लखन



## खबर संक्षेप

### महिला यूनिफॉर्म में बदलाव व अनुकंपा नौकरी पर मंथन 17 को

**कोरबा।** कोल इंडिया में महिला कर्मचारियों की यूनिफॉर्म के रंग में बदलाव व अनुकंपा नियुक्ति में आश्रित बेटियों को राहत जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर 17 अप्रैल को बड़ा फैसला संभव है। 11वें जेबीसीसीआई की मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक भुवनेश्वर में होगी जिसमें 8 अहम एजेंडों पर चर्चा की जायेगी। जानकारी के मुताबिक महिला कर्मचारियों की यूनिफॉर्म को लेकर इस बार विशेष फोकस रहेगा। एसईसीएल समेत पांच कोल कंपनियों ने महिला कर्मचारियों के लिए ग्रे रंग की शर्ट, कुर्ता और साड़ी के साथ ब्लैक रंग की पैंट, सलवार, दुपट्टा और ब्लाउज का सुझाव दिया है। यह प्रस्ताव कर्मचारियों की ओर से मौजूदा यूनिफॉर्म के रंग में बदलाव की मांग के बाद सामने आया है। अन्य कंपनियों जैसे एसइसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल व एनसीएल ने भी अलग-अलग रंगों के सुझाव दिए है।

### डीडीएम रोड बनाने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोरबा।** महेश अग्रवाल पूर्व पार्षद एवं दिनेश सोनी पूर्व एमआईसी सदस्य ने संयुक्त रुप से कलेक्टर को डीडीएम रोड बनाने पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया है कि डीडीएम रोड की स्थिति अत्यंत जीर्ण क्षीर्ण हो गयी है जहां हमेशा दुघर्टना होने की आशंका बनी रहती है। शहर के व्यस्ततम मार्ग एवं वैकल्पिक मार्ग का इस कदर जर्जर अवस्था में होना हमारे समझ से परे है, नगर निगम इस मार्ग पर किस करण से ध्यान नहीं दे पा रही है वह नगर की आम जनता को बताना चाहिए क्योंकि सड़क निर्माण के 15 वर्ष होने के उपरांत आज दिनांक तक मरम्मत एवं संधारण का कार्य भी निष्पादित नहीं किया गया है। उक्त मार्ग में अनेक छोटे बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान सहित डीडीएम स्कूल, एसएस ग्रीन कालोनी, साँई कुंज, श्री रामदरबार, कार्यालय जिला चेम्बर ऑफ कामर्स, कांग्रेस कार्यालय, कृष्णा हाईट कालोनी एवं तुलसीनगर श्रमिक बाहुल्य बस्ती है। पूर्व पार्षद श्री अग्रवाल एवं एवं पूर्व एमआईसी सदस्य श्री सोनी आग्रह करते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरु करने कहा है।

### संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने अगस्त तक चलेगा अभियान

**कोरबा।** जिले में आगामी खरीफ मौसम के मद्देनज़र फसलों के अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप उर्वरकों की सही मात्रा एवं संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के मैदानी अमले को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के तहत किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैज्ञानिक सलाह के अनुसार एनपीके, कॉम्प्लेक्स तथा एस.एस.पी. जैसे उर्वरकों के उचित उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही यूरिया एवं डी.ए.पी. के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ता है, जिससे दीर्घकाल में मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### निःशुल्क कोचिंग परीक्षा 1 से 15 जून तक

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 1 से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यथियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को छ0ग0 रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। अतः जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन कराना होगा।

# हाई एवं हायर सेकेंड्री स्कूलों में लाइब्रेरी का प्रस्ताव गया ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी में 4 माह पूर्व लाइब्रेरी हेतु तैयार प्रस्ताव पर नया शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद भी अमल में नहीं लाया जा सका है। लाइब्रेरी कैसे बनेगी, किताबें कहां से खरीदी जाएंगी, इसकी कोई कार्ययोजना अब तक सामने नहीं आई है। जबकि लाइब्रेरी के लिए बीते 2 वर्ष से प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले के हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों को अपडेट करने के लिए प्रत्येक स्कूलों में लाइब्रेरी शुरू करने के लिए दिसंबर महीने में तत्कालीन कलेक्टर के समय प्रस्ताव तैयार किया गया था। सभी स्कूलों में लाइब्रेरी शुरू करने के लिए आलमारी एवं किताबों को खरीदने के निर्देश दिए गए थे। नए शिक्षण सत्र शुरू होने तक यह संभावना थी कि लाइब्रेरी स्कूलों में अस्तित्व में आ जाएगी। लेकिन अब तक किसी भी स्कूल में लाइब्रेरी शुरू करने के संबंध में किसी भी तरह के प्रयास सामने नहीं आए हैं। कुछ हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी ऐसे हैं जहां लाइब्रेरी शुरू करने के लिए अतिरिक्त भवन भी नहीं हैं। ऐसे स्कूलों के प्राचार्यों ⏭ शेष पेज 3 पर

### 4 माह पूर्व लाइब्रेरी के संबंध में तैयार हुआ था प्रस्ताव

**खास बातें**

- किताबें खरीदने के लिए डीएमएफ की बैठक में गया था प्रस्ताव
- मीडिल स्कूल में 3 वर्ष पूर्व किताबों की हुई थी सप्लाई



### साडा कन्या में संचालित है लाइब्रेरी

जिले के एक मात्र स्कूल साडा कन्या हायर सेकेंडरी में सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी संचालित है। जहां स्लेबस के अलावा सामान्य एवं अन्य विषयों की किताबें भी मौजूद हैं। इसके साथ ही स्कूल में ई लाइब्रेरी की भी सुविधा दी गई है। ई लाइब्रेरी शुरू होने वाला जिले का एक मात्र स्कूल है। इनके अलावा शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में भी सर्वसुविधायुक्त वाले भवन संचालित हैं, किन्तु किसी में भी लाइब्रेरी के लिए कोई व्यवस्था नहीं नजर आती।

### सर्वशिक्षा अभियान से बने हैं नए भवन

सर्वशिक्षा अभियान के तहत बनाए गए दो मंजिला भवन में भी लाइब्रेरी कक्ष का जिक्र नहीं है। हालांकि पूर्व के प्राचार्यों ने लाइब्रेरी का सामान आने के बाद किसी रूम में इसे शुरू करने की बात जरूर कही है। किन्तु अब तक स्कूलों के प्राचार्यों को भी लाइब्रेरी शुरू करने के संबंध में कोई कार्ययोजना बनाने के निर्देश नहीं मिले और न ही कोई ऐसे प्रस्ताव स्कूलों के द्वारा शिक्षा विभाग को भेजे गए। लाइब्रेरी शुरू नहीं होने के पीछे फंड नहीं होने की जानकारी सामने आई है। पूर्व में डीएमएफ से ही किताबें खरीदने के निर्देश भी थे।

## पुराने स्टॉक से चल रहा है काम

# जिले की आधा दर्जन देशी शराब दुकान हुई ड्राई, सप्लाई नहीं हुई तो बिगड़ेगी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग के नए नियम के तहत शराब दुकानों में देशी और विदेशी शराब कांच की जगह प्लास्टिक बोतलों में बिक्री होनी है

**खास बात**

- नए नियम के तहत एक अप्रैल से प्लास्टिक की बोतलों में शराब की होनी थी सप्लाई

या नियम वैसे तो 1 अप्रैल से लागू हो चुका है लेकिन अब तक अनुबंधित कंपनियों ने प्लास्टिक की बोतल में शराब की आपूर्ति करना शुरू नहीं की है। जिसका सीधा असर शराब दुकानों पर दिखना शुरू हो गया है। बताया जाता है कि जिले की देशी शराब दुकाने ड्राई होने की स्थिति में आ चुकी है। जिले में देशी कई दुकानें ड्राई भी हो चुकी है। यदि एक दिन और सप्लाई नहीं हुई तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में देशी शराब के सभी दुकानें ड्राई हो सकती है और ऐसे में स्थिति और विस्फोटक हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि आबकारी विभाग के नए नियम के तहत देशी व विदेशी सभी शराब दुकानों में प्लास्टिक की बोतलों में 1 अप्रैल से शराब की सप्लाई की जानी थी लेकिन अब तक अनुबंधित कंपनियों ने जिले की देशी व विदेशी शराब दुकानों में शराब की खेप अब तक नहीं भेजी गई है। पुराने स्टॉक से ही काम चल रहा है। जिले के किसी भी शराब दुकानों में प्लास्टिक की बोतल वाली शराब की खेप नहीं पहुंच पाई है। आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि जिले के लगभग सभी देशी शराब दुकान ड्राई होने की स्थिति में पहुंच चुकी है और अब तक शराब की आपूर्ति नहीं हो पाई है जबकि विदेशी शराबों का हाल भी कुछ इसी तरह का है। सबसे ज्यादा देशी शराब की हालत खराब है बताया जाता है कि जिले के ज्यादातर देशी शराब दुकानों में एक दिन का स्टॉक बचा हुआ है। यदि जल्द ही कंपनी द्वारा शराब की सप्लाई नहीं की गई तो निश्चित तौर पर जिले के देशी शराब दुकानों में शराब को लेकर खत्म होने का बोर्ड लगाना पड़ सकता है। बताया जाता है कि जिले के आउटर में स्थित देशी शराब दुकानों में ड्राई की स्थिति निर्मित हो चुकी है। शराब दुकानों में देशी के पर्याप्त शराब नहीं मिलने के चलते अंग्रेजी शराब दुकानों में भीड़ बढ़ गई है लेकिन अधिकारी दबी जुबान से कह रहे हैं कि यदि जल्द ही देशी शराब की सप्लाई नहीं हुई तो आने वाले एक-दो दिनों में स्थिति और भी बिगड़ सकती है। हालांकि इसे लेकर आबकारी विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



शराब दुकान में खरीदारी करते ग्राहक।

### राजस्व पर सीधा पड़ रहा असर

जिले में अमूमन एक दिन में डेढ़ करोड़ की देशी विदेशी शराब की बिक्री होती है। वैसे भी गर्मी के दिनों में शराब की और बिक्री बढ़ जाती है क्योंकि इस दौरान सबसे ज्यादा शादी ब्याह व पार्टी का सिलसिला चलता है। अप्रैल का महीना चल रहा है और सबसे ज्यादा अभी शादी का सीजन चल रहा है ऐसे में सबसे ज्यादा देशी की बिक्री होती है लेकिन जिले के ज्यादातर देशी शराब दुकान ड्राई की स्थिति निर्मित हो चुकी और शराब नहीं होने के चलते आबकारी विभाग को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से देशी विदेशी शराब दुकानों में स्टाक मेंटेन नहीं होने के चलते राजस्व की क्षति हो रही है। आबकारी विभाग के वरिष्ठ अफसर द्वारा इसकी सूचना वरिष्ठ अफसरों को देने की बात कही जा रही है लेकिन शराब की सप्लाई नहीं होने के चलते ऐसी स्थिति लगातार निर्मित हो रही है। यदि शराब की आपूर्ति नहीं की गई तो एक या दो दिनों में देशी के सारे दुकान ड्राई हो सकती है।

# माजदा ने बुलेट सवार को मारी टक्कर, मौत



दुर्घटनाकारित वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कटघोरा-ढेलवाडीह बायपास मार्ग में हुआ हादसा

कटघोरा-ढेलवाडीह बायपास मार्ग में एक अनियंत्रित 407 वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेटसवार एसईसीएल कमी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे कर्मी की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान देलवाडीह निवासी आशुतोष कुमार सिंह उम्र 28 साल पिता मदन कुमार सिंह के रुप में की गई है। आशुतोष सुराकछार खदान में माइनिंग सरदार के पद पर पदस्थ। दोपहर लगभग ढाई बजे अपने बुलेट क्रमांक 25 बीएच 4335 जे से खाना खाने कटघोरा जा रहा था कि जैसे ही कटघोरा ढेलवाडीह-बाईपास मार्ग में स्वराज माजदा क्रमांक एमएच 27 बीएक्स 7925 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चालते हुए आशुतोष को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आशुतोष को गंभीर चोट लगी जिससे स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जो चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है और दुर्घटनाकारित करने वाले माजदा वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक की बाड़ी में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 40 वर्षीय युवक की बाड़ी में संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।




मृतक

प्राथमिक जांच के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक मृतक कुछ मानसिक रूप से विक्षिप्त थी।

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ईरफ के तिलाईकुंडी निवासी हरिराम 40 वर्ष पिछले कुछ वर्षों से अपने घर से निकल गया था और घूम-घूमकर अपना जीवन यापन करता था। बताया जाता है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी हरिराम की लाश हेम सिंह के बाड़ी में संदिग्ध अवस्था में मिली है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। हरिराम की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई या स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था बताया जाता है की मृतक की पत्नी व उसके दो बच्चे पिछले कई वर्षों से कोरबा में निवास करते हैं। जबकि हरिराम घूम-घूमकर अपना जीवकोपार्जन कर रहा था।

### हसदेव केनल में मिली अज्ञात युवक की लाश, नहीं हुई शिनाख्त



**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव नदी सीएसईबी पावर हाउस केनल के पास एक अज्ञात युवक की लाश नदी में तैरती मिली आस पास के लोगों की नजर पड़ी अचानक तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना दर्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दर्री पुलिस की टीम पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। युवक की पहचान नहीं हो पायी है। युवक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला है। पुलिस अज्ञात शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत डूबने से हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि लाश को केनाल से बाहर निकाल लिया गया है लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस शिनाख्ती की कार्यवाही में जुटी हुई है।

# आईपीएल मैच में सट्टा, पुलिस ने सरगना को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले गिरोह के एक सरगना को धरदबोचा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने सट्टा पट्टी जब्त किया है जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपी की खोजबीन में जुटी हुई है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 अप्रैल को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेल एवं खिला रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली एवं साइबर थाना के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर रेड कार्यवाही की गई। रेड के दौरान आरोपी को मौके पर ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पकड़ा गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपीगण खेलो बाजी बुक नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, आईडी के माध्यम से आईपीएल मैच में सट्टा खेल एवं खिला रहे थे। उक्त आईडी में अब तक भारी मात्रा में लेन-देन होना पाया गया है तथा वर्तमान में आईडी में 72 हजार 20 रुपये का बैलेंस जमा होना पाया गया है। मामले में पुलिस ने लक्ष्मणबन तालाब निवासी जशवीर राना उम्र 33 साल पिता हुक्कुम सिंह राजपूत के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6(क), 7(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं मामले में फरार आरोपी निखिल राजपूत की पतासजी की जा रही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## राशन कार्ड से बच्चों के नाम कटने से अभिभावक लगा रहे हैं खाद्य विभाग के चक्कर

# बच्चों के आधार अपडेट नहीं होने से राशन कार्ड व अपार आईडी का काम रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छोटे-छोटे बच्चों के अंगूठे का निशान अपडेट नहीं होने से

**खास बात**

- आधार कार्ड नहीं होने से अपार आईडी नहीं हो रहा अपडेट

राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं हो पा रहा है और अपार आईडी में भी आधार कार्ड नहीं बनने से दिक्कतें आ रही हैं। परेशान अभिभावक खाद्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

पिछले एक वर्ष से स्कूलों में अपार आईडी बनाने का काम चल रहा है। जिससे बच्चों के समस्त शैक्षणिक रिकार्ड अपडेट रहेंगे। इसके लिए बच्चों का आधार कार्ड अनिवार्य है। 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के बाद अंगूठे का निशान अपडेट नहीं होने से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। और आधार कार्ड नहीं होने से न तो राशन कार्ड तैयार हो रहा है और न ही बच्चों के स्कूलों में अपार आईडी तैयार हो पा रही है। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा केन्द्र में ऐसे तमाम अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन अंगूठे के निशान अपडेट नहीं होने से उन्हें बैरन लौटना पड़ रहा है। इसी तरह राशन कार्ड में बच्चों के नाम से जारी होने वाली खाद्य सामग्री में भी कटौती हो रही है। पीडीएस दुकानों में भी बच्चों के अंगूठे अपडेट नहीं होने से खाद्य सामग्री का आवंटन नहीं हो रहा है।



### समस्या का कोई विकल्प नहीं

च्वाइस सेंटर व लोकसेवा केन्द्र से वापस लौटने वाले अभिभावक खाद्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग का भी चक्कर काट रहे हैं। लेकिन दोनों विभागों से उन्हें इस समस्या से निजात का कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता। अंगूठे के निशान का अपडेट होना बताकर उन्हें दोनों विभागों से चलता किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऐसी समस्याओं का विकल्प उनके सामने नहीं है। विभागीय अधिकारियों के जवाब से अभिभावकों के पास बैरंग लौटने के अलावा कोई चारा नहीं रहता।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस क्रम में 9 मई को जिला न्यायालय एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ प्रकरण रखे जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### डांट- फटकार के बाद छात्रा ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** घरवालों ने ठीक से पढ़ाई करने के लिए डांट फटकार लगाई तो छात्रा ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी टीआई राजश्री दामू कोसले ने बताया, रायगढ़ निवासी श्रृष्टि गुप्ता पिता संजय गुप्ता 20 साल कोनी रिवरव्यू कालोनी में किराए के मकान में रहकर लॉ सेकेंड इयर की पढ़ाई कर रही थी। 14 अप्रैल की सुबह घरवालों ने श्रृष्टि को फोन कर ठीक से पढ़ाई करने के लिए डांट फटकार लगा दी, जिससे क्षुब्ध होकर श्रृष्टि ने कमरे के पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घरवालों के द्वारा लगातार फोन लगाने से रिसीव नहीं करने पर मकान मालिक को फोन कर देखने को कहा। मकान मालिक उसके कमरे में जाकर देखे तो श्रृष्टि की फांसी पर लटकी लाश मिली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### चाकू लहराते फोटो किया वायरल, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में चाकू लहराते फोटो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को इंस्टाग्राम में एक युवक की चाकू लहराते वीड़ियो पेश करते हुए शिकायत मिली। उन्होंने वीड़ियो को संज्ञान में लेकर चाकू लहराने वाले नयापारा निवासी सुजल खैरवार पिता राजकुमार खैरवार 21 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बीच बचाव करने गई महिला पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पति के साथ विवाद करते देख पत्नी बीच बचाव करने गई तो युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया है, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, डबरीपारा निवासी दीपक कंवर के साथ पूर्व में रक्षाबंधन के समय मोहल्ले का अजय साहू उर्फ बड़े ने मारपीट कर दी थी। जिसका मामला कोर्ट में लंबित है। अजय साहू उक्त मामले में राजीनामा करने के लिए दबाव बना रहा है। 13 अप्रैल को अजय साहू उनके घर आकर राजीनामा करने के लिए गाली गलौज कर चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाया। श्री साहू की पत्नी मनीषा कंवर बीच बचाव करने लगीं तो युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने दीपक की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आरपीएफ ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रेल संपत्ति चोरी के मामले में आरपीएफ की टीम ने टेंगनमाड़ा निवासी धर्मेन्द्र सोनी पिता स्व. सालिकराम सोनी 55 साल को पकड़कर आरपीयूपी एक्ट 3 ए के तहत गिरफ्तार किया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत में छूटने के बाद वह उपस्थिति देना छोड़ दिया। कोर्ट ने आरोपी को पकड़ने के लिए वारंट जारी कर दिया। आदेश के बाद आरपीएफ की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीआर कुर्रे और आरक्षक पी भारद्वाज ने आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार किया है।

### घर के सामने खड़ी बाइक में लगी आग

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़ी राजमिस्त्री की बाइक में आग लगा दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर अटल आवास निवासी राजमिस्त्री अनिल यादव पिता लीलाराम यादव 12 अप्रैल को अपनी बाइक खड़ी कर खाना खाकर सो गए। रात 2 बजे पड़ोसी ने बताया, उनकी बाइक जल रही है। उन्होंने बाहर निकलकर पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर आग बुझाई, आग से बाइक पूरी तरह जल गई है। असामाजिक तत्वों के द्वारा बाइक में आग लगाई गई है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**शासन को भेजा गया प्रस्ताव** | **अवैध परिवहन में कमी लाने किया जा रहा बदलाव**

# खनिज के अवैध परिवहन पर जुर्माना कई गुना बढ़ाने की तैयारी

**बिलासपुर।** खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर अब खनिज माफिया एवं वाहन मालिकों को अपने वाहन छुड़वाने के लिए विभाग में कई गुना पेनाल्टी जमा करनी पड़ सकती है। इस संबंध में खनिज विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। कुछ वाहनों पर तो विभाग द्वारा तीन से चार गुना तक बढ़ोतरी करने की अनुशंसा की गई है।

रेत, गिट्टी, मिट्टी, ईंट व मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए खनिज विभाग के हत्थे चढ़ जाने एवं जुर्माना पटाने के बाद भी इस काम में लगातार संलग्न रहने वालों को मजा चखाने की तैयारी चल रही है। खनिज विभाग द्वारा ऐसे अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों से ली जाने वाली पेनाल्टी की राशि में कई गुना तक बढ़ोतरी करने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके पीछे विभाग का उद्देश्य खनिज के अवैध परिवहन व चोरी से वाहन मालिकों को दूर रखना है। हालांकि अभी भी पेनाल्टी की राशि कम नहीं है, लेकिन इसके बाद भी एक बार पकड़े जाने के बाद भी मालिक अपने वाहनों को खनिज चोरी से दूर नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि विभाग अब वाहनों पर पेनाल्टी की राशि में कई गुना तक बढ़ोतरी की तैयारी कर रहा है।



### अभी इन वाहनों पर इतनी होती है पेनाल्टी

वर्तमान में खनिज विभाग द्वारा अलग-अलग वाहनों के लिए अलग-अलग पेनाल्टी वसूल की जा रही है। इसके अंतर्गत हाईवा वाहन के लिए 30 हजार जुर्माना लिया जाता है। बीते वित्तीय वर्ष तक यह राशि 25 हजार तक थी। इसी तरह ट्रैक्टर पकड़े जाने पर पंद्रह हजार का जुर्माना तय है। इसमें भी बीते वर्ष की तुलना में 5 हजार की बढ़ोतरी की गई है। जेसीबी वाहन पकड़े जाने पर 25 हजार रूपए का जुर्माना तय है। इसी तरह पोकलेन एवं चेन माऊंटेन जैसे वाहनों के लिए 50-50 हजार रूपए का जुर्माना तय है। इन सभी में अब भारी-भरकम पेनाल्टी बढ़ाने की तैयारी है।

### पकड़े गए वाहन 15 दिन नहीं छोड़ने के निर्देश

खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को 15 दिनों तक नहीं छोड़ने संबंधी निर्देश जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए हैं। इसके पीछे एकमात्र उद्धेश्य ये है कि ज्यादातर वाहन फायनेंस के अंतर्गत लिए गए हैं, जिससे पंद्रह दिनों तक लगातार वाहन के खड़े रहने के कारण मालिकों को होने वाले नुकसान का अंदाजा होगा जिससे वे खनिज की चोरी व अवैध परिवहन जैसे कार्यों से अपने वाहनों को दूर रखेंगे।

### हाइवा-टैक्टर में तीन से चार बढ़ाने का प्रस्ताव

खनिज की सबसे ज्यादा चोरी व परिवहन हाईवा एवं ट्रैक्टर जैसे वाहनों की मदद से ही की जाती है। ऐसे में खनिज चोरी व अवैध परिवहन को रोकने के लिए हाईवा व ट्रैक्टर जैसे वाहनों पर वर्तमान में लगाई जाने वाली पेनाल्टी को तीन से चार गुना तक बढ़ाने की अनुशंसा शासन से की गई है, ताकि खनिज माफियाओं के मन में चोरी न करने का अन्यथा भारी भरकम जुर्माना जमा करने का भय बना रहे।

### की गई है अनुशंसा

पेनाल्टी लेने के बाद भी कई वाहन मालिक अवैध परिवहन के जरिए खनिज चोरी में लगातार संलिप्त रहते हैं। इस तरह के मामलों को नियंत्रित करने पकड़े गए वाहनों पर लगाई जाने वाली पेनाल्टी की राशि में बढ़ोतरी की अनुशंसा शासन से की गई है। कुछ वाहनों पर तो कई गुना तक पेनाल्टी बढ़ाने की अनुशंसा है।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज विभाग

**खूंटाघाट से आने वाले रॉ-वॉटर व ट्रीटमेंट पश्चात पानी को किया चेक**

# मटमैले पानी को लेकर हंगामा मचने के बाद निगम कमिश्नर जांच करने पहुंचे ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में सोमवार को सामान्य सभा में अमृत मिशन योजना तहत घरों में गंदा, मटमैला पानी सप्लाई को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा मचाया था। सामान्य सभा में हंगामा के बाद मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी के साथ अमृत मिशन के ट्रीटमेंट प्लांट जांच करने पहुंचे और उन्होंने खूंटाघाट से आने वाले रॉ वॉटर सहित ट्रीटमेंट पश्चात पानी को चेक किया। निगम कमिश्नर ने डिस्ट्रिब्यूशन पाइप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

- डिस्ट्रब्यूशन पाइप लाइन की जांच करने दिए निर्देश

शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत खूंटाघाट जलाशय से आने वाले पानी को ट्रीटमेंट कर घरों में सप्लाई की जाती है। खूंटाघाट जलाशय से पाइप लाइन के जरिए रॉ वॉटर बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट आता है, जहां पर ट्रीटमेंट फिल्टर करने के बाद पानी शहर के टंकियों में भरा जाता है और टंकियों से फिर डिस्ट्रिब्यूशन पाइप लाइन के जरिए लोगों के घरों में पानी सप्लाई की जाती है, लेकिन अमृत मिशन के पानी को लेकर कई इलाकों से शिकायत भी सामने आ रही है। सोमवार को सामान्य सभा में गंदा, मटमैला पानी को लेकर कुछ पार्षदों द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया था। खराब पानी की सप्लाई को लेकर पार्षदों ने महापौर पूजा विधानी समेत जल विभाग प्रभारी को घेरा था। सामान्य सभा में नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे भी उपस्थित थे और वे सारी बातें सुन रहे थे, इसलिए सामान्य सभा में उठे पानी के मुद्दा को देखते हुए आज निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे निगम जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी के साथ बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर खूंटाघाट से आने वाले रॉ वॉटर एवं ट्रीटमेंट के बाद घरों में सप्लाई होने वाली पानी को चेक किया और स्वयं पानी पीकर देखे। उन्हें उस पानी में किसी तरह की खराबी नहीं मिली इसलिए निगम कमिश्नर ने डिस्ट्रिब्यूशन पाइप लाइन को जांच करने कहा है ताकि पाइप लाइन में लिकेज या मिट्टी भरे होने के कारण तो नहीं मटमैला पानी जा रहा होगा।





पानी की जांच करते निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे।

### मरम्मत कार्य चलते बीच में सप्लाई प्रभावित

अमृत मिशन योजना तहत निर्मित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई बीच में प्रभावित हुई थी। ट्रीटमेंट प्लांट के पुराने चेम्बर में कुछ खराबी थी, जिसे तोड़कर कांक्रीटयुक्त नया चेम्बर बनाया गया है, जिसके ऊपर स्टील की प्लेट लगाई गई है। इसलिए पानी सप्लाई बंद किया गया था, उसके बाद अशोक नगर में मेन सप्लाई पाइप लाइन फूट गया था। इस मेन पाइप लाइन में भी मरम्मत का काम कराया गया है। उसके पूर्व खूंटाघाट जलाशय से अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई बंद होने से भी पानी की समस्या आई थी और सप्लाई अवधि में कटौती भी की गई थी। खूंटाघाट जलाशय की नहर लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत एरीगेशन विभाग द्वारा कराया जा रहा था, इसलिए कुछ दिनों तक खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई रोकी गई थी।

### 22 बड़ी टंकियों से हो रही सप्लाई

शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में नगर निगम के जल विभाग द्वारा पहले ही की तरह अलग-अलग टयूबवेल के माध्यम से इन टंकियों को भरा जा रहा है, उसके बाद पाइप लाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### किया गया है निरीक्षण

अमृत मिशन तहत गंदा, मटमैला पानी की जिस तरह शिकायत सुनाई दे रही थी, उसे देखते हुए आज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने गया था। वहां पर खूंटाघाट से जो रॉ वॉटर की सप्लाई होती है और ट्रीटमेंट के बाद जो पानी सप्लाई होता है उसको चेक किया गया। ट्रीटमेंट प्लांट से ठीक पानी की सप्लाई हो रही है इसलिए डिस्ट्रिब्यूशन पाइप लाइन को चेक करने कहा गया है।

**-प्रकाश सर्वे,** कमिश्नर नगर निगम

# अवैध शराब बेचने वाले को पकड़कर लेनदेन कर छोड़ा

**कोटा थाने के दो आरक्षक हटाए गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विशेष अभियान के दौरान कोटा थाना के दो आरक्षकों ने अवैध शराब बेचने वाले को पकड़कर लेनदेन कर छोड़ दिया और दूसरे दिन शेष पैसा देने के लिए दबाव बना रहे थे। शिकायत पर एसएसपी ने दोनों आरक्षकों थाने से हटा दिया है।

- सएसएसपी ने की कार्रवाई

दो दिन पहले जिले में अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया गया था। कोटा थाने में पदस्थ सीसीटीएनएस का आरक्षक खेमंत पाल व अनत मिरी लोकबंध में एक अवैध शराब बेचने वाले युवक को पकड़ लिया। मौके पर दोनों आरक्षकों ने लेनदेन कर नकद रकम लेकर छोड़ दिया। दूसरे दिन दोनों आरक्षक शेष रुपए देने के लिए दबाव बना रहे थे। जानकारी होने पर टीआई नरेश चौहान ने पीड़ित युवक से संपर्क किया। युवक ने उन्हें बताया दोनों आरक्षक पैसा लेकर उसे छोड़ दिया था और 5000 रुपए और देने के लिए दबाव बना रहे थे। टीआई श्री चौहान ने एसएसपी रजनेश सिंह को जानकारी दी। एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक सनत मिरी को लाइन अटैच कर दिया। वहीं सीसीटीएनएस के आरक्षक खेमंत पाल को हटा कर तखतपुर थाना सीसीटीएनएस कार्य करने तबादला किया है। इसी तरह प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेलगहना चौकी से आरक्षक कौशल सिंह बिंझवार, सुनील पटेल का कोटा थाना, आरक्षक शैलेन्द्र कुमार साहू का पुलिस लाइन से कोटा, उमाशंकर पोर्ते का पुलिस लाइन से कोटा, दीपक मरावी का पुलिस लाइन से कोटा, नंदकुमार यादव का सीपत से सीसीटीएनएस कार्य कोटा थाना तबादला किया गया है।

ज्ञात हो कि एक दिन पहले अवैध शराब के संदेह में दर्रीघाट के ढाबा संचालक को पकड़कर थाना के पीछे खण्डहरनुमा मकान में लेनदेने का दबाव बनाने वाले मस्तूरी थाना के एएसआई, एसडीओपी का गनमैन, रीडर आरक्षक को लाइन अटैच किया गया था।

### रात 12 बजे होटल के सामने युवक को पीटा

**बिलासपुर।** बीती रात 12 बजे खाना खाने मुल्कराज होटल के गए युवक के साथ कुछ अन्य युवकों ने जमकर मारपीट की, मारपीट की वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- वीडियो वायरल

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, चुचुहियापारा गणेश नगर निवासी शेख इकबाल 31 साल 13 अप्रैल की रात खाना खाने रेलवे स्टेशन स्थित मुल्कराज होटल गए थे। रात 12 बजे खाना खाकर होटल से बाहर निकलकर अपनी बाइक निकाल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उनके ऊपर गिर गए। उन्होंने देखकर बाइक चलाने को कहा तो युवक ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। पुलिस ने शेख इकबाल की रिपोर्ट पर हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गोली चलने की अफवाह से पुलिस महकमा में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में गोली चलने की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ था। राजपत्रित अधिकारी व थानेदार अपने अपने क्षेत्र में पतासाजी करने उधर उधर भटकते रहे किन्तु कोई भी पीड़ित नहीं मिला। आखिरकार गोली चलने की खबर अफवाह निकली। उसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

14 अप्रैल की शाम पुलिस अधिकारी व थानेदारों को शहर में गोली चलने की सूचना दी गई, जिससे पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एसएसपी रजनेश सिंह ने राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों का अलर्ट कर पतासाजी करने का निर्देश दिया। राजपत्रित अधिकारी व थानेदार अपने अपने क्षेत्र में गोली लगने वाले की तलाश में इधर उधर भटकते रहे और अपने अपने क्षेत्र के सिम्स, जिला अस्पताल, अपोलो, निजी हास्पिटल में पूछताछ करने में लगे। काफी मशक्कत के बाद भी गोली चलने की पुष्टि नहीं होने पर सूचना देने वाले वेब पार्टल पत्रकार से अधिकारियों ने पूछताछ की तो वे अलग अलग नाम बताकर सूचना देने की बात कहने लगे। रात 9 बजे तक शहर में गोली चलने की पुष्टि नहीं हो पाई, उसके बाद गोली चलने की अफवाह होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



- भटकते रहे अधिकारी

# मेंटनेंस के बाजवूद बंद हो रही बिजली, गर्मी में तप रहे लोग

**बिलासपुर।** एक ओर जहां बिजली विभाग मेंटनेंस के नाम पर घंटों सप्लाई बंद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली बंद की समस्या जस की तस बनी हुई है। मंगलवार को मधुबन रोड, टिकरापारा, शिवटाकिज चौक, करबला, कुम्हारपारा, जूना बिलासपुर सहित कई जगहों पर घंटें भर के लिए बिजली बंद रही।

लोड बढ़ने के कारण ही बिजली बंद की समस्या आम हो चुकी है। इस दौरान ट्रांसफार्मर से सप्लाई ठप हो रही है, वहीं उपभोक्ता लगातार शिकायत पर शिकायत दर्ज करा रहे है हालांकि फ्यूज कॉल में शिकायत रजिस्टर्ड होने के घंटे भर बाद बिजलीकर्मी मरम्मत के लिए पहुंच रहे है, लेकिन इस दौरान गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। मन्नू चौक, दयालबंद, करबला रोड, जूना बिलासपुर जैसे इलाकों में रोजाना घंटे भर के लिए बिजली बंद हो रही है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग 5 से 6 घंटे का शटडाउन लेकर मेंटनेंस कर रहा है, इसके बावजूद बिजली बंद की घटनाओं पर लगाम नहीं लग रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में तापमान बढ़ते ही बंद की समस्या विकराल रूप ले सकती है। खास बात यह है कि जहां दिन के बिजली बंद हो रही है, वहीं रात में भी ट्रीपिंग की समस्या सामने आ रही है।

### आज यहां रहेगी बिजली बंद

पुराना हाईकोर्ट फीडर के अंतर्गत सुबह 10.30 बजे से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान डीपू पारा, दुर्गा मंदिर, विनोबा नगर, अक्षय गुरूकुल, क्रांति नगर के आसपास की बिजली बंद रहेगी। बिजली विभाग द्वारा सड़क के किनारों पर लगे पेड़ की कटाई और छंटाई की जाएगी। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत भी की जाएगी। कार्य की अधिकता को देखते हुए समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

# संयुक्त संचालक ने मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर स्थित मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संयुक्त संचालक गुप्ता ने निर्देशित किया कि जांची गई कॉपियों में से कुछ कॉपियों का पुनः अन्य मूल्यांकनकर्ताओं से परीक्षण कराया जाए, ताकि मूल्यांकन की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त होंगे।उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विषयों की शेष कॉपियों का मूल्यांकन कार्य समय सीमा में पूर्ण करें। समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मूल्यांकन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराएं। संयुक्त संचालक ने यह भी स्पष्ट किया कि गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों ही मूल्यांकन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनसे किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में समय पर जारी किए जाएं। संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने निर्देश दिए कि कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। मूल्यांकन कार्य में तेजी एवं गुणवत्ता दोनों का संतुलन बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम समय पर जारी किए जा सकें। संयुक्त संचालक के निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक अनिल अग्रवाल, प्राचार्य एवं मूल्यांकन केंद्र प्रभारी आशीष भट्टाचार्य एवं सभी सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

# वितरण हुई साड़ी की गुणवत्ता पर केबिनेट मंत्री के निर्देश पर जांच प्रक्रिया हुई तेज

**बिश्रामपुर।** राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र जारी कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साड़ी वितरण के लिए जारी किए गए क्रय आदेश के तहत कुछ जिलों से गुणवत्ता में कमी और निर्धारित मापदंडों में विचलन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा किए गए परीक्षण में कुछ स्थानों पर मानकों से विचलन की पुष्टि भी हुई है। इसके बाद अब मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

# एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल दो फेरे लगाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलटीटी से सांतरागाछी के बीच दो-दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। 01041 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 17 व 24 अप्रैल को और 01042 सांतरागाछी से एलटीटी स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से 19 व 26 अप्रैल को चलाई जाएगी।

ट्रेन का वाणिज्यिक स्टापेज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशन में दिया जाएगा। 01041 एलटीटी से सांतरगाछी स्पेशल ट्रेन सुबह 11.50 बजे रवाना होकर बिलासपुर 8.05 बजे और 01042 सांतरागाछी से एलटीटी स्पेशल ट्रेन 5.30 बजे रवाना होकर बिलासपुर 16.05 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में एक पावरकार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य कोच, 9 स्लीपर कोच, 6 एसी थ्री, एक एसी टू सहित 22 एलएचबी कोच की सुविधा होगी।



### पुणे से बिलासपुर होकर जाएगी सांतरागाछी स्पेशल

पुणे से सांतरागाछी के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा, जो बिलासपुर जोनल स्टेशन होकर चलाई जाएगी। दो-दो फेरे के लिए चलने वाली ट्रेन 01441 पुणे-सांतरागाछी बनकर 17 व 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे रवाना होकर दुर्ग, रायपुर, रायपुर, बिलासपुर 8.45 बजे होकर सांतरागाछी 21.00 बजे और 01442 सांतरागाछी-पुणे स्पेशल ट्रेन 19 व 27 अप्रैल को 15.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन बिलासपुर सुबह 4.10 बजे और तीसरे दिन 5.15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 16 स्लीपर कोच, दो एसी थ्री सहित 20 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के मानसिंह निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला ईकाई कोरबा का निर्वाचन शिक्षक सदन में शनिवार को सम्पन्न हुआ। यह निर्वाचन संभागीय अध्यक्ष डॉ. तरुण सिंह राठौर के मार्गदर्शन, प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन तथा संभागीय संगठन मंत्री शंकरदयाल के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रमोद हंसराज ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। संगठन के नियमानुसार त्रिवर्षीय कार्यकाल हेतु जिला अध्यक्ष पद पर मानसिंह राठिया पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही उपाध्यक्ष दयाशंकर साहू, गुलाबदास महन्त, आर.डी. श्रीवास, विनोद कुमार जायसवाल, श्रीमती साधना काथले, सचिव हबेल सिंह अघरिया कोषाध्यक्षः राजेश कुमार तिवारी, सह सचिव लक्ष्मी कैवर्त, सुखीराम यादव, सुरेन्द्र कुमार वैष्णव, अर्चना किन्डो, रमेशकुमार चंद्रा कार्यकारिणी सदस्य दीपिका भगत, नंदकुमार पटेल, ललित कैवर्त, घनश्याम प्रधान इसके अतिरिक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में डी.डी. साहू तथा जिला संगठन मंत्री के रूप में छोटेलाल पटेल को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

### भाजपा के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में शामिल हुए कटघोरा विधायक

**हरदीबाजार।** दीपका मंडल के ग्राम पंचायत तीवरता की बस्ती में पहुंचकर आमजन से आत्मीय संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, संगठन के मूल्यों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान किया गया एवं उनके अनुभव भी सुने गए। हितग्राहियों के अनुभवों से यह स्पष्ट हुआ कि सरकार की योजनाएं वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रही हैं। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान जनसेवा, विश्वास और विकास के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है, जो संगठन और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व सदस्य युवा आयोग रघुराज सिंह उइके, सरपंच रजनीश मरावी, नरेन्द्र पटेल, मन्नु राठौर सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भाजपा के गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत नरईबोध पहुंचीं पालिका अध्यक्ष झा

**बांकीमोंगरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक मजबूती और जन-जन तक पहुँच बनाने के लिए चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा नरईबोध व गेवरा बस्ती। इस दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना था। पालिका अध्यक्ष ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और पीएम आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण कड़ियों पर प्रकाश डाला ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत 'बूथ' है। श्रीमती सोनी विकास झा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का विकास सुनिश्चित करना है।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई बाबा की 135वीं जयंती

# डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार : ज्योत्सना



कांग्रेस कार्यालय में अंबेडकर जयंती मनाते हुए पूर्व राजस्व मंत्री के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं रैली निकालते हुए आयोजन समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर बाबा साहेब लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे।

उक्त बातें सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक कैरियर में वह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। वर्ष 1990 में मरणोपरांत उन्हे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन सामाजिक चिंतन पर आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि वे हर समाज के प्रेरक थे। उनका दर्शन सामाजिक चिंतन पर ही आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए संघर्ष के पथ में उन्होने अपने प्राणों की आहूति भी दी। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि सच्चे अर्थों में डॉ. अम्बेडकर एक महामानव, सच्चे देश भक्त और महान मानवतावादी थे। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष गजानंद साहु, सांसद प्रतिनिधि मोहन प्रधान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मो.शाहिद, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी रेखा त्रिपाठी, महिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, पार्षद बद्री किरण, सुकसागर निर्मलकर, डॉ.गोपाल कुर्रे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, ए डी जोशी, पूर्व पार्षद डॉ.रामगोपाल यादव, सनीष कुमार, जिला महामंत्री एफ डी मानिकपुरी, गिरधारी बरेठ सचिव डॉ.डी आर नेताम, महेन्द्र थवाईत (गुड्डु), रवि खुंटे, सीमा कुर्रे, जगन्नाथ थवाईत, बसंत राम टंडन, अवधेश लाठिया, शशिराज आदि ने भी संबोधित किया।

### चैनपुर में बाबा की मनाई गई जयंती



विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम चैनपुर में सूर्यवंशी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। विधायक श्री पटेल ने भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर चैनपुर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक प्रेमचंद ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार और सम्मान पहुंचाने का जो कार्य किया, वह सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान देश की लोकतांत्रिक आत्मा है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर जिला मंत्री अजय दुबे, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रशिक्षक प्रमुख नरेश टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा चुलेश्वर राठौर, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा मुकेश जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, मंडल अध्यक्ष कृष्ण पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती अनुसुइया राठौर, महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत, महामंत्री अमरनाथ कौशिक, मंडल अध्यक्ष राज ओगरे, सरपंच विनोद टेकाम सहित समाज के समस्त पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रगतिनगर में मनी बाबा की जयंती

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रगति नगर अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी दीपिका मंडल के द्वारा माल्यार्पण कर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर को नमन किया। प्रगति नगर स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वार्ड पार्षद अरुणीश तिवारी ने कहा कि सामाजिक समरसता के प्रति बाबा साहब द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, संतोष निराला, रामसाय चौहान, लड्डन खान, आनंद चौक से सत्यम यादव, ज्योति धर्म तिवारी, सविता कंवर, अनीता पटेल, धर्मेंद्र शुक्ला, नीलिमा शुक्ला सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मंत्री ने अर्पित की पुष्पांजलि


घंटाघर में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे उद्योग मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर उद्योग वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग के मंत्री लखनलाल देवांगन ने घण्टा घर चौक पहुंचकर भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब के महान योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समता, न्याय और ज्ञान की निरंतर साधना का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और हर नागरिक को उनसे प्रेरणा लेकर समानता, शिक्षा और सामाजिक सौहार्द की भावना अपनानी चाहिए। मंत्री श्री देवांगन ने उपस्थित नागरिकों को आंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस केवल श्रद्धांजलि का नहीं, बल्कि उनके मूल्यों को अपने आचरण और कार्यों में उतारने का संकल्प दोहराने का अवसर है। उन्होंने सभी से अपील की कि हम सभी मिलकर बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। जयंती समारोह में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और उनके आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने की बात कही।

### भाजपा बांकीमोंगरा मंडल ने मनाई जयंती



भारतीय जनता पार्टी बॉकीमोगरा मंडल के तत्वाधान में भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती मनाई गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं, चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेत्री सुनीता पाटले ने डॉ. अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल कर्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की भी चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। पार्टी के मंडल महामंत्री विकेश झा ने डॉ अंबेडकर को संपूर्ण विश्व के लिए गौरवशाली व्यक्तित्व बताते हुए उनके चरित्र को अपने अंदर आत्मसात करने की बात कही और अभाव में भी जिस तरह से इन्होंने पूरे विश्व पर अपना प्रभाव छोड़ा वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में प्रदेश, जिला, मंडल, बूथ के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, आम जनता एवं समाज के लोगों भी प्रमुख रूप से भागीदारी रही। जिसमें प्रमुख रूप से मुकुल कर्ष, विकेश झा, श्रीमती सुनीता पतले, सुखदीप सिंह, कमलेश प्रधान, रामेश्वर सोनी, राजेश पटेल, श्रवण यादव, नागेंद्र सिंह, जितेंद्र साहू, अभिषेक पटेल, अभिलाष यादव, राकेश पटेल, रितेश सिंह, राघवेंद्र पटेल, नीलकंठ केवट, धीरज गोभील सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डीएवी में आयोजित हुआ एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड डिस्ट्रीब्यूशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीएव्ही पब्लिक स्कूल एस.ई.सी.एल में कक्षा तीसरी से नवमीं तथा ग्यारहवीं तक की कक्षाओं में सत्र 2025-26 की परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड एवं स्टार बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति अनिता गुप्ता, अध्यक्षा सृष्टि महिला मंडल कोरबा तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर आयोजित परीक्षा फल उदघोषणा समारोह में सर्वप्रथम परीक्षा विभाग के प्रभारी श्रीमति के डी बाला ने स्थानीय परीक्षा के मूल्यांकन पद्धति एवं परीक्षा परिणामों का समग्र ब्योरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से नवमीं तथा ग्यारहवीं तक के 120 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने पर और 13 बच्चों को वर्षपर्यंत शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु स्टार बैज , सर्वोत्कृष्ट स्थान हेतु एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड और मेधावी प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती अनिता गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या डॉक्टर चेतना शर्मा एवं समस्त शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित करने के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने समस्त अभिभावकों को उनके बच्चों की उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते और उनके अथक प्रयासों की सराहना करते कहा प्रत्येक विद्यार्थी में अपार संभावनाएँ होती हैं, आवश्यकता केवल उन्हें पहचानने और सही दिशा देने की होती है। इस अवसर पर शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# कर्मचारी फेडरेशन का विस्तार, 39 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिला इकाई कोरबा की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। जिला संयोजक जगदीश खरे के नेतृत्व में गठित इस टीम में कोर कमेटी और विभिन्न पदों पर कुल 39 सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेडरेशन जो प्रदेश में मान्यता प्राप्त संगठन है और लगभग 130 संबद्ध संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है, लंबे समय से कर्मचारियों और अधिकारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहा है।

प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के मार्गदर्शन में 3 अप्रैल को अंधरीकछार स्थित फेडरेशन कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जिला कोर कमेटी और कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला कोर कमेटी में डॉ. तरुण सिंह राठौर, ओमप्रकाश बघेल, मानसिंह राठिया, सर्वेश सोनी, नित्यानंद यादव, विनय सोनवानी, नरेंद्र श्रीवास, विनोद सांडे, कीर्ति लहरे, प्रकाश खाकसे, के.डी. पात्रे, पीपीएस राठौर, अनूप सिंह कोराम, राम कपूर कुर्रे और सवित साहू को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी में सचिव तरुण प्रकाश वैष्णव, सह सचिव लोकनाथ सेन, कोषाध्यक्ष राम कपूर कुर्रे, उप कोषाध्यक्ष सवित साहू, प्रवक्ता नित्यानंद यादव, सह प्रवक्ता पीपीएस राठौर, मीडिया प्रभारी सनत राठौर, सह मीडिया प्रभारी उत्तरा साहू, बबलू राम यादव, इसके अलावा संगठन सचिव, प्रचार सचिव, कार्यकारिणी सदस्य और महिला कार्यकारिणी में भी कई पदाधिकारियों को शामिल किया गया है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की रणनीति साफ नजर आती है।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### हाई एवं हायर सेकेंड्री..

ने बताया कि पुराने भवन के लेआउट में लाइब्रेरी शुरू करने के संबंध में कोई अतिरिक्त भवन का उल्लेख नहीं था और न ही नए लेआउट में भी इसका उल्लेख है। ऐसे में स्कूलों में लाइब्रेरी शुरू करना विभाग के लिए कठिन प्रतीत हो रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**
**// राजस्व मामले की नोटिस //**

जावक कमांक 1303 दिनांक 09/4/26
रा०प्र०क०/अ-27/2025-26
ग्राम- खरहरी, प०ह०नं० -09
तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ०ग०)
**मंगतुराम पिता महेशराम जाति गांड़ा** आवेदक
विरूद्ध
**लवकुमार चौहान पिता भोला वगै.** अनावेदकगण

प्रति,
1. लवकुमार चौहान पिता भोला, 2. शिव कुमार पिता भोला,3. सोनबाई पति स्व. भोला,4. गौरी शंकर पिता भोला,5. ढोलाराम पिता रमेशर,सभी जाति गांड़ा निवासी पिसौद तहसील जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)6. राजू पिता मंगलराम,7. संजू पिता मंगलराम,8. अशोक पिता मंगलराम,9. रतनबाई पिता मंगलरामसभी जाति गांड़ा, निवासी अकलतरा, तहसील अकलतरा, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)10. बुंदराम पिता तिहारू11. मनीष कुमार पिता विजय कुमार,12. वाशु कुमार पिता विजय कुमार 13. ब्रिंदा चौहान बेवा विजय चकुमार 14. बुंदबाई पिता तिहारू राम 15. सुन्दर पिता तिहारूराम 16. अनुसुईया पिता तिहारू राम सभी जाति गांड़ा निवासी कण्ड्रा, तहसील बलौदा, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) 17. (1) रीना चौहान पति अशोक कुमार,(2) नेहा पिता अशोक कुमार, 18. रामदया पिता दादूराम,19. शिव कुमार पिता दादूराम,20. अनिता पिता दादूराम,21. सरिता पिता दादूराम, 22. भुखनबाई पति दादूराम,23. (1) विनोद कुमार पिता बाबूलाल(2) विकास कुमार पिता बाबूलाल,(3) दिनेश कुमार पिता बाबूलाल,(4) दिनेश्वरी पिता बाबूलाल, (5) नीराबाई बेवा बाबूलाल 24. रामलाल पिता उदेराम, 25. संगलबाई पिता उदेराम सभी जाति गांड़ा, निवासी ग्राम खरहरी, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) आवेदक मंगतुराम पिता महेश जाति गांड़ा निवासी ग्राम रायगढ़, तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के नाम पर ग्राम खरहरी प.ह.नं. 09 स्थित भूमि ख.नं. 36/8, 70, 76, 77, 124, 131, 132, 203/4, 206/1, 418, 467/1 रकबा 0.0610, 0.6480, 0.0570, 1.1330, 0.2910, 0.0160, 0.0120, 0.0040, 0.0610, 0.0890, 0.4500 हे. कुल ख.नं. 11 एवं कुल रकबा 2.8220 हे. भूमि संयुक्त खाता में दर्ज है। उक्त वादभूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य 1/2 हिस्सा में खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिससे इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीख 24/04/2026 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) में होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 09/04/2026 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बरपाली**
**जिला कोरबा (छ०ग०)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202604051700011
/अ-6/2025-26
ग्राम कुचेना प.ह.नं. 39
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम बांकी प.ह.नं. 44 रा.नि.म. बांकी तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है आवेदक तीजराम पिता बुधराम जाति सतनामी, निवासी ग्राम कुचेना तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ०ग०) द्वारा ग्राम कुचेना में स्थित ख०नं० 238/2 शामिल नं. 287/1 एवं 286/1प कुल ख.नं. 02 रकबा क्रमशः 0.1740, 0.162 कुल रकबा 0.3360 हे. भूमि आवेदन पिता बुधराम पिता रामबगस के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार बुधराम पिता रामबगस की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उनके के वैध वारिसों (पुत्र) तीजराम, दुजराम, सुखुप्रसाद पिता बुधराम का नाम राजस्व अभिलेखों में दुरूस्त किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति दावा आपत्ति करना हो तो वह दिनांक 04/05/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- कटघोरा
दिनांक-10.04.2026

**नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा(छ.ग.)**

# भागवत कथा श्रवण से होता है सात पीढ़ियों का कल्याण: प्रणव महराज


भागवत कथा पर उपस्थित आचार्य व श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

दीपका के दीपेश्वरी मंदिर मातृछाया परिसर में राठौर परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा हो रहा है। कथा 7 से 14 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक कथा का रसपान भागवताचार्य के द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा व्यास श्री प्रणव महराज सभी भक्तों को अनेकों प्रसंगों की कथा श्रवण कराई और भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि जिस परिवार में एक बार भागवत कथा का आयोजन होता है तो उस गृह के सात पीढ़ियों के परम कल्याण कथा के मध्यम से होता है इसलिए अपने पितरों के उद्धार का अपने समर्थ अनुसार कथा आयोजन करना चाहिए राठौर परिवार में अपने माता के वार्षिक श्राद्ध में कथा का पावन आयोजन किया है। कथा के मुख्य यजमान हेतराम, नंदराम, प्रीतम राठौर है। आयोजक परिवार ने कथा श्रवण हेतु सभी भक्तों का आवाहन किया है। कथा नित्य दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक प्रवाहित होती है। कथा श्रवण के लिए आसपास सहित जिलों से गंगा रूपी कथा का रसपान करने भक्तजन पहुंच रहे हैं। जहां ईस्ट मित्र परिवारजन सहित लोगों की भीड़ लगी हुई है महाराज के मुखर बिंद से निकल रही अमृतमय कथा का मंत्र मुग्ध होकर रसपान कर रहा है साथ ही रोजाना कथा स्थल में प्रसाद के साथ भंडारा कराया जा रहा है।

# खोड्डल ने जीता क्रिकेट का फाईनल मैच


विजयी टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपली

ग्राम पंचायत खोड्डल द्वारा किकेट प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा पॉवर लिमिटेड (अडानी) के सौजन्य से किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन में कोरबा पॉवर लिमिटेड के डॉ० विकास ठाकुर (प्रमुख, लैंड व लाइजनिंग) ने कहा कि खेलकुद जीवन के हर उम्र में जरुरी है इससे मानव शरीर में शारीरिक दक्षता व मानसिक स्वस्थता बना रहता है।

प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कोरबा पॉवर लिमिटेड की लैंड एवं सीएसआर टीम जिसके कप्तान डॉ विकास ठाकुर (हेड, लैंड एण्ड लाइजनिंग विभाग) की ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनका मैच ग्राम की स्थानीय टीम के साथ हुआ। मैच में प्रथम बल्लेबाजी करते हुए केपीएल की टीम ने 10 ओवर में 99 रनों का लक्ष्य रखा, केपीएल की ओर से बल्लेबाज पवन महतो ने 6 छक्कों के साथ 45 रनों का, ताजेन्द्र बंजारे ने 2 छक्कों के साथ 16 रन बनाये साथ ही लैण्ड टीम के सुधीर साव, योगेन्द्र शर्मा, जगजीत मिंज, राहुल श्रीवास्तव आदि ने भी उपयोगी पारीयां खेली। खोड्डल की स्थानीय टीम के बल्लेबाज श्याम शंकर ने आतिसी पारी खेलते हुए मैच को अपने पक्ष में कर लिया, केपीएल के कप्तान विकास ठाकुर ने 6 रन बनाये व 1 विकेट हासिल किया। केपीएल, अडानी और खोड्डल ग्राम के मध्य खेले गए मैच का पुरे ग्रामवासीयों ने भरपुर आनन्द उठाया। प्रतियोगिता का फाईनल मैच कनकी व खोड्डल के मध्य खेला गया जिसमें कनकी की टीम ने बल्लेबाजी कर 78 रनों का लक्ष्य खोड्डल के समक्ष रखा था जिसको खोड्डल की टीम ने आसानी से 7 ओवर में 2 विकेट के खोकर लक्ष्य पार करते फाईनल पर कब्जा किया।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# तेंदूभांठा में निर्माणाधीन एनीकट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखण्ड के तेंदूभांठा गांव में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे एनीकट का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्य की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्री रोहित सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परियोजना की लागत, इससे लाभान्वित होने वाले गांवों, किसानों की संख्या तथा प्रस्तावित सिंचित रकबा क्षेत्र के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण कार्य की गति को बढ़ाने के निर्देश देते हुए श्रमिकों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि परियोजना का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य का नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे परियोजना समय पर पूर्ण होकर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो सके।

**खास बात**

- निर्धारित संख्या में मजदूरों का नहीं किया जा रहा है नियोजन



जिले में चल रहे निर्माण कार्यों में ठेका कंपनियों के द्वारा शर्तों के मुताबिक जितनी संख्या में मजदूरों को नियोजित किया जाना था उतनी संख्या में निर्माणस्थल पर मजदूरों के नहीं आने के कई मामले कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सामने आ चुके हैं उसके बावजूद ठेकेदार निर्धारित संख्या में मजदूर नहीं लगा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### मारवाड़ी युवा मंच दीपका ने किया शरबत, प्रसाद का वितरण

**दीपका।** एकादशी के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच दीपका द्वारा दोपहर 12 बजे से मेन चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास श्रद्धालुओं के लिए सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चना प्रसाद एवं ठंडा शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शरबत वितरण की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को राहत मिली। मंच के सदस्यों ने बताया कि एकादशी जैसे धार्मिक अवसर पर सेवा कार्य करना उनका उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। इस सेवा कार्य में मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### पीएचसी हरदीबाजार ने टीवी मुक्त ग्राम पंचायत को किया सम्मानित



**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार अंतर्गत टीवी मरीज से मुक्त हुआ ग्राम पंचायत को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अनिल शराफ़ के मार्गदर्शन पर पंचायत के सरपंच, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित लोगों का सम्मान किया। सर्वप्रथम टीवी मरिज मुक्त ग्राम पंचायत हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। इसी तरह ग्राम सराई सिंगार,चैनपुर, नुनेरा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। ग्राम पंचायतो में टीवी मरीजों से मुक्त हुआ है इसके लिए जिला चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के स्वास्थ्य विभाग टीम को बधाई प्रेषित कर पूरे टीम को शुभकामनाएं दिए। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन,सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर युद्धेश सांडे, डॉक्टर टीकेंद्र वर्मा, डॉ सुधा महंत ,रेखा पात्रे उपस्थित रहे।

### मानिकपुर खदान विस्तार से प्रभावित ग्रामीणों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : जयसिंह



**कोरबा।** मानिकपुर खदान विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों के मुद्दे पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि प्रभावित परिवारों को न्यायोचित मुआवजा एवं रोजगार नहीं दिया गया, तो क्षेत्र में व्यापक जनआंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि भिलाई खुर्द (क्रमांक 1, 2 एवं 3) सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों परिवार मानिकपुर खदान विस्तार के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्व में लगभग 80 एकड़ भूमि अधिग्रहण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था, किंतु आज तक उस पर कोई ठोस अमल नहीं हुआ। अब पुनः लगभग 60 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से ग्रामीणों की आजीविका पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुआवजा निर्धारण में भारी अनियमितताएं एवं असमानता बरती जा रही है।

## साहित्य भवन व सियान सदन को मिली अतिरिक्त भवनों की सौगात

# वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हम सबके लिये सबसे बड़ा धन है : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हम सबके लिये सबसे बड़ा धन है, वह व्यक्ति अत्यंत भाग्यशाली है, जिसे बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद नित्य प्राप्त होता है। जहाँ बुजुर्गो व वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाता है, उनकी सेवा की जाती है, उसी स्थान में शुभता का, सुख-समृद्धि का निवास होता है, हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने परिवार व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करें, उनकी सेवा करें तथा निरंतर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य व महापौर की अध्यक्षता में किया गया सवा 41 लाख रुपए के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने घंटाघर स्थित पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन एवं वहां पर स्थित सियान सदन को सुविधापूर्ण अतिरिक्त भवनों के लोकार्पण के दौरान कही। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सवा 41 लाख रूपये की लागत से निर्मित उक्त दोनों भवनों का लोकार्पण उनके करकमलों के द्वारा किया गया। नगर पालिक निगम द्वारा निगम के वार्ड क्र 24 सियान सदन परिसर में जिला खनिज न्यास मद से 23 लाख 65 हजार रूपये की लागत से अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, प्रसाधन कक्ष, बाउण्ड्रीवाल, पेवर ब्लाक बिछाने आदि का कार्य कराया गया है, इसी प्रकार उक्त वार्ड में ही स्थित पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन में विधायक मद से 17 लाख 60 हजार रूपये की लागत से हाल का निर्माण विस्तार कार्य व अन्य व्यवस्थायें की गई हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज सियान सदन में नवनिर्मित अतिरिक्त कमरों को बुजुर्गो की सेवा में सौपा जा रहा है, उन्होने इस मौके पर नवनिर्मित अतिरिक्त भवन में ए.सी. लगवाये जाने व टी.व्ही.की व्यवस्था कराये जाने की भी घोषणा की, इसके साथ ही उद्योग मंत्री श्री देवांगन के आग्रह पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा सियान सदन के अतिरिक्त भवन की चाबी भी सियान सदन समिति को सौपी गई, वहीं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बालको में सियान सदन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये स्वीकृत किये जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पंकज देवांगन, राकेश वर्मा के साथ पत्रकार कमलेश यादव, युनूस दलियानपूरी, कृष्ण कुमार चन्द्रा, जगदीश श्रीवास, इंदू शर्मा, दीप दुर्गवी, वीणा मिस्त्री, निर्मला शर्मा, बलराम राठौर, अजय दास वैष्णव, भुनेश्वर तिवारी, गुलजार सिंह, शिव जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



अतिरिक्त भवन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री, महापौर, सभापति एवं अन्य।

**सियान सदन में की जायेगी 50 और कुर्सियों की व्यवस्था**

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि आज का दिन निश्चित रूप से शुभ दिन है कि आज एक ओर जहाँ हमारे बुजुर्गो को उनके सियान सदन में अतिरिक्त कक्ष प्रसाधन व अन्य विकास कार्यो की सौगात मिली है, वहीं दूसरी ओर साहित्य भवन में नवनिर्मित हाल व अन्य विस्तार कार्य का लोकार्पण भी हुआ है, मैं इसके लिये साहित्यकार बंधुओं एवं अपने वरिष्ठजनों को बधाई देती हूं तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती हूं, जिनके माध्यम से यह दोनों कार्य सम्पन्न हुये हैं। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने सियान सदन की आवश्यकता को देखते हुये 50 और कुर्सियों की व्यवस्था किये जाने की घोषणा की तथा घोषणा पर तत्काल अमल करने के निर्देश अधिकारियों को दिये, तो वहीं वार्ड पार्षद श्री पंकज देवांगन ने सियान सदन के विकास एवं सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु अपनी पार्षद निधि से 2 लाख रूपये दिये जाने की घोषणा भी की।

# मेन्स वियर दुकान का छप्पर तोड़कर नगदी, हजारों का माल पार, जुर्म दर्ज



टूटा हुआ दुकान का छप्पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इमलीछापर चौक पर स्थित स्काई मेन्स वियर नामक दुकान का बीती रात को छप्पर तोड़कर कपड़ा, जूता व नगदी रकम को पार कर दिया है। दुकान में हुई इस चोरी की जानकारी दुकान संचालक आकाश साहू को मंगलवार की सुबह हुई। दुकान का शटर खोलते ही उपर का छज्जा टूटा हुआ पाया और दुकान में रखा सारा सामान बिखरा हुआ था। नए कपड़े, जूते व गल्ले में रखे नगदी रकम गायब थे। जिसके बाद आकाश ने तत्काल इसकी सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। छप्पर तोडक़र दुकान में घुस रहे हैं और सामान पार कर रहे हैं। क्षेत्र में हो रही लगातार चोरियों ने पुलिस गश्ती की पोल खोलकर रख दी है। चोर रात में बेखौफ घूम रहे हैं। कालोनी से लेकर मुख्य सडक़ तक की दुकानें सुरक्षित नहीं है। इससे पहले विकास नगर स्थित नेहा रेडीमेड में चोरी हुई थी, जहां अज्ञात चोरों ने दुकान का छप्पर तोडक़र हजारों का माल पार कर दिया था। इसकी लिखित सूचना दुकान संचालक द्वारा पुलिस में दी गई और एफआईआर भी दर्ज कराया गया था। पुलिस मामले में जांच की बात कर रही है लेकिन अभी तक चोरों का सुराग लगाने में असफल रही है।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ईमलीछापर चौक के पास हुई चोरी की घटना

# एचएमएस पदाधिकारियों ने किया केदार का स्वागत



केदारनाथ का स्वागत करते एचएमएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) में केदारनाथ अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री अग्रवाल को गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा, कोरबा, सीईडब्ल्यूएस गेवरा व सीडब्ल्यूएस कोरबा का प्रभारी बनाया गया है। जिसे लेकर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के कोरबा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत पांडे और क्षेत्रीय महामंत्री सुरेंद्र मिश्रा की अगुवाई में सेंट्रल वर्कशॉप मानिकपुर बगदेवा इकाई के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में तोरण सिंह राठौर अध्यक्ष, दूजराम मिलन सचिव, यूके लाठेवाल वेलफेयर मानिकपुर, सुगना बरमन, पालवर्णी वेलफेयर, राज कुमार शर्मा सचिव बगदेवा, मनोज कुमार सिंह एरिया सेफ्टी बोर्ड सचिव, बगदेवा, सुरेन्द्र पाल सिदार सेफ्टी बोर्ड सदस्य ढेलवाडीह और सुकदेव जागड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा अजीत पांडे क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरेंद्र मिश्रा क्षेत्रीय महामंत्री और रोशन कुमार क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष की भी विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और श्रमिकों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। नई जिम्मेदारी मिलने पर केदारनाथ अग्रवाल को सभी ने बधाई दी।

# बालको की नीतियों से स्थानीय व्यापारियों को हो रहा नुकसान

**कोरबा।** बालको प्रबंधन द्वारा अपने संस्थान के दैनिक उपयोग की सामग्रियों फर्नीचर, दवाईयों, कपड़े, मिठाईयां, गिफ्ट आईटम, स्टेशनरी सामग्रियों की खरीदी स्थानीय व्यापारियों को दरकिनार करते हुए ऑनलाइन माध्यमों विशेषकर अमेजोन, टाटा 1 एमजी, फ्लीपकार्ट, मिशू जैसे प्लेटफार्म से की जा रही है। यह ना केवल स्थानीय व्यापारियों के हितों की अनदेखी है बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी प्रतिकूल रुप से प्रभावित कर रहा है। बालको प्रबंधन से क्षेत्र के व्यापारी प्रताड़ित हैं। 52 व्यवसायी ऐसे हैं जो पूर्व में बालको से लगभग सालाना 100 करोड़ रुपए का व्यापार करते थे।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स, जिला चेंबर ऑफ कामर्स कोरबा एवं चेंबर ऑफ कामर्स बालको के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि बालको के निजीकरण से पहले व्यवसायियों की स्थिति बहुत अच्छी थी जो धीरे धीरे कम होती चली गई। पहले प्रबंधन ने 2 करोड़ से कम टर्नओवर वाले वेंडर जारी नहीं होगा कहा। हालांकि उस दौरान चेंबर ऑफ कामर्स ने इस पर आपत्ति नहीं जताई। इसके बाद प्रबंधन ने स्थानीय वेंडरों को सिंडिकेट बनाने का मौका दिया और कहा कि 2 लोग मिलकर वेंडर नंबर जारी कर सकते हैं। इसके बाद नियम को बदलते हुए इसे 5 करोड़ कर दिया और कहा कि 5 करोड़ से नीचे टर्नओवर वालों को वेंडर कोड नहीं मिलेगा। अब एक बार फिर प्रबंधन ने इसमें बदलाव करते हुए अब इसे 10 करोड़ टर्नओवर कर दिया है। इसे लेकर संयुक्त चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा मुख्यमंत्री व कलेक्टर से भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिस क्षेत्र में बालको उद्योग स्थापित है, वहां के स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों के प्रति उद्योग का सामाजिक एवं आर्थिक उत्तरदायित्व होना अपेक्षित है- विशेषकर रोजगार एवं व्यापार के अवसर उपलब्ध कराने के संदर्भ में। इसके विपरीत, बाहरी एवं ऑनलाइन माध्यमों से खरीदी की प्रवृत्ति के कारण स्थानीय व्यापार में गिरावट एवं व्यापक असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही, ऑनलाइन माध्यम से उक्त सामग्रियों की आपूर्ति को लेकर गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं मूल्य संबंधी विभिन्न शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, जिला चेंबर ऑफ कामर्स कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, बालको चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष सुरेंद्र डालमिया, कोषाध्यक्ष परमानंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- 100 करोड़ का होता था कारोबार
- ऑनलाइन माध्यम से की जा रही खरीदी

### महिला के घर से सवा किलो गांजा जब्त

**कोरबा।** एक महिला के घर में पुलिस की टीम में छापेमारी की कार्यवाही कर उसके घर से लगभग सवा किलो गांजे की खेप जब्त किया है। महिला के खिलाफ धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। चैतमा चौकी क्षेत्र में अंतर्गत महताब बी पति सत्तार खान के घर में पुलिस ने दबिश दी थी जहां महिला के कब्जे से पुलिस ने सवा किलो गांजा जप्त किया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## रिकार्ड में हो रहा है मर्ज स्कूलों का संचालन, पिछले वर्ष की नहीं मिली अनुदान राशि

# युक्तियुक्तकरण के एक साल बाद बंद होगा मर्ज स्कूलों का यूडाइस कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले वर्ष हुए स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रकरण के एक साल बाद यूडाइस कोड को बंद किया जाएगा। अब तक मर्ज हुए स्कूलों का यूडाइस कोड रिकार्ड में बंद नहीं होने के कारण उनका संचालन नजर आ रहा था। बीते वर्ष की अनुदान राशि इस प्रक्रिया के कारण आज तक नहीं मिली है।

युक्तियुक्तकरण के दौरान एक ही कैंपस में चलने वाले प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला का युक्तियुक्तकरण किया गया था। इस प्रक्रिया के तहत जिले में लगभग 276 स्कूल एक दूसरे में मर्ज हुए थे। इस प्रक्रिया के अंतर्गत एकही कैंपस में चलने वाले प्रायमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक का संचालन एक ही प्राचार्य के अधीन हो गया है। स्कूलों के मर्ज होने के साथ वहां पदस्थ शिक्षकों को अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों में पदस्थ किया गया था। तीन माह में प्रक्रिया को पूरा करना था, किन्तु अगस्त में शिक्षकों के पदस्थापना का दौर चलता रहा। इस बीच मर्ज स्कूलों के यूडाइस कोड को बंद नहीं किया गया। जिसकी वजह से ये सभी मर्ज स्कूल रिकार्ड में अभी भी संचालित हो रहे हैं। साथ ही स्कूलों को शासन से मिलने वाली अनुदान राशि भी किसी भी स्कूल को नहीं मिली है। जबकि मर्ज स्कूलों में एक स्कूल के नाम से जारी होने वाली राशि को नियम के तहत स्कूलों को मिलना था। जिसके नहीं मिलने का कारण यूडाइस कोड को बंद नहीं किया जाना बताया गया है। 1 अप्रैल 2026 से यूडाईस कोड को बंद करने की तैयारी थी लेकिन नए शिक्षण सत्र में भी यूडाइस कोड बंद नहीं हुए हैं। अभी भी रिकार्ड में उनका संचालन नजर आता है।

**छात्र संख्या के आधार पर मिलती है अनुदान राशि**

किसी स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा उस स्कूल को अनुदान राशि दी जाती है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत एक ही कैंपस में चलने वाले दो मिडिल स्कूल और दो प्रायमरी स्कूल को एक दूसरे में मर्ज करने से छात्रों की दर्ज संख्या बढ़ने के बाद भी अनुदान राशि नहीं दी गई है। अनुदान राशि की विस्तृत जानकारी भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा विभाग को नहीं भेजी गई है। जबकि शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों के मर्ज होने के बाद छात्र संख्या की विस्तृत जानकारी विभाग को भेजी जा चुकी है।

**बंद किया जाएगा यूडाइस कोड**

यूडाइस कोड को बंद करने की प्रक्रिया शासन की ओर से की जाती है। जिले में मर्ज हुए स्कूलों की संख्या के साथ छात्र संख्या की रिपोर्ट स्कूल शिक्षा विभाग को भेजी गई है। वहां से यूडाइस कोड को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

**मई में मर्ज स्कूलों के बंद होंगे यूडाइस कोड**

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा यूडाइस कोड को बंद करने की प्रक्रिया मई में शुरू की जा सकती है। उसके बाद ही अनुदान राशि जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि अब तक अनुदान राशि जारी होने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। जिसकी वजह से स्कूलों में होने वाले अन्य कार्य एक साल से ठप पड़े हुए थे। जिले के शिक्षा विभाग के द्वारा मर्ज स्कूलों की विस्तृत जानकारी विभाग को भेजी जा चुकी है। जिसमें छात्रों की दर्ज संख्या को लेकर शिक्षकों के पदस्थ होने की संख्या भी शामिल है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



मात्र 15,500/-
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
EX-हरिद्वार
09 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411